# सबकी बिगड़ी बनाते हो हारों को जिताते हो भजन लिरिक्स

सबकी बिगड़ी बनाते हो,
हारों को जिताते हो,
देखो हमें भी बाबा हारे हैं हम,
आ भी जाओ वरना रो देंगे हम।bd।

---

अधबीच नैया ओ रे कन्हैया,
भटक कहीं ना जाएँ,
खेते खेते हार गए हम,
क्यों ना पार लगाए,
तेरा एक सहारा है,
तू ही एक हमारा है,
तुझको ही जाना है जबसे हैं हम,
आ भी जाओ वरना रो देंगे हम।bd।

---

तेरे दर पे कबसे खड़े है,
आस का दीप जलाये,
छूट ना जाए धीरज मन का,
क्यों तू देर लगाए,
उलझा ये सारा जीवन,
सुलझाओ अब तो उलझन,
ये उम्मीदें लेके जीते हर दम,
आ भी जाओ वरना रो देंगे हम।bd।

---

सबकी झोली तू भरता है,
बिगड़ी हुई तू बनाये,
तेरी दया की धारा बहती,
हम तक क्यों ना आये,
एक नज़र जो कर दो तुम,
थम जायेंगे सारे गम,
हंसने लगेगा 'गोलू' सारा जीवन,
आ भी जाओ वरना रो देंगे हम।bd।

---

सबकी बिगड़ी बनाते हो,
हारों को जिताते हो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

देखो हमें भी बाबा हारे हैं हम,
आ भी जाओ वरना रो देंगे हम।bd।

**Singer – Nikita Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com